# दो लघुकथाएँ

## स्वाध्याय

### परिच्छेद 1

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 27 पर दी गई पंक्तियाँ (1 से 15 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**|वाराणसी में ......................**

**............................... नहीं मिला था।|**

आकलन कृतियाँ


कृ. 1. आकृति पूर्ण कीजिए:

राजा अपने मंत्रियों की [ 1 ] से [ 2 ] और [ 3 ] के साथ प्रजा का पालन करता था

उत्तर: 1. सलाह  2. धर्म

3. न्याय


कृ. 2. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. न्यायालयों में मुकदमों का आना बंद हो गया

2. न्यायालयों में ताले लग गए


कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. राजा अपने महल में गया।


2. राजा महल के बाहर रहने वालों के पास गया।
3. राजा नगर में गया।
4. राजा नगर के चारों दरवाजों पर गया।
5. राजा आस-पास के गाँवों में गया।
6. अपना भेष बदल कर जनपद की सीमा पर पहुँच गया।

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. राज्य मंत्रियों को सौंपा।
2. भेष बदला।
3. सारथी को साथ लिया।
4. रथ पर चढ़ा।

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. राजा ब्रह्मदत्त। 2. राजा मल्लिक।

**कृ.6. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. वाराणसी के राजा का नाम
2. राजा ने महल में अपनी सुनी
3. राजा ने समझा लोगों को उससे लगता है
4. रथ चलाने वाला
5. आलोचना करने वाला

**उत्तर:** 1. ब्रह्मदत्त 2. प्रशंसा
3. डर 4. सारथी
5. आलोचक

**कृ.7. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. राजा ने सोचा ऐसा कौन _______ है जो मेरे दोषों को बता सके।

(मंत्री, प्रजा, मनुष्य)

2. राजा को अवगुण बताने वाला कोई _______ नहीं मिला।

(आदमी, मंत्री, प्रजा)

3. राजा ने अपना राज्य _______ को सौंप दिया।

(रानी, मंत्रियों, सारथी)

4. कोसल के राजा _______ भी आलोचकों की खोज कर रहे थे।

(ब्रह्मदत्त, मल्लिक, नरेश)

**उत्तर:** 1. मनुष्य 2. आदमी

3. मंत्रियों 4. मल्लिक

**कृ.8. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. न्यायालयों में जाले / ताले लग गए।
2. राजा घूमता-घूमता जनपद की सीमा / गली पर पहुँच गया।
3. जो उसके अवगुणों की ओर उँगली / संकेत कर सके।
4. उन्हें भी अभी तक कोई सच्चा मित्र / आलोचक नहीं मिला था।

**उत्तर:** 1. जाले 2. गली

3. उँगली 4. मित्र

**कृ.9. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. राजा भेष बदलकर पर्यटन के लिए निकल पड़ा। ☐
2. कोसल के राजा मल्लिक भी अपने प्रशंसकों की खोज में थे। ☐

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य

**कृ.10.उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | **अ** | | **ब** |
|---|---|---|---|
| 1. | वाराणसी | अ | मुकदमा |
| 2. | न्यायालय | ब. | मल्लिक |
| 3. | सच्चा | क. | ब्रह्मदत्त |
| 4. | कोसल | ड. | आलोचक |

**उत्तर:** (1 - क) , (2 - अ), (3 - ड), (4 - ब)।

**कृ.11.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

ऐसा कोई भी मंत्री नहीं था,

मगर कहीं कोई ऐसा आदमी न मिला,

प्रजा में कोई भी नहीं था,

**जो उसके अवगुणों को बता सके।**

2.

| | |
|---|---|
| पूरे नगर में एक भी | **सच्चा आलोचक नहीं मिला था।** |
| एक भी | |
| उन्हें भी अभी तक कोई | |

उत्तर: 1. **मगर कहीं कोई ऐसा आदमी न मिला,** जो उसके अवगुणों को बता सके।

2. **उन्हें भी अभी तक कोई** सच्चा आलोचक नहीं मिला था।

**कृ.12.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. राजा रथ पर चढ़ पर्यटन के लिए निकल पड़ा।
2. कोसल के राजा मल्लिक भी अपने आलोचकों की खोज में भ्रमण कर रहे थे।
3. फिर राजा ने नगर में पता लगाया।
4. न्यायालयों में ताले लग गए।

उत्तर: 1. न्यायालयों में ताले लग गए।

2. फिर राजा ने नगर में पता लगाया।
3. राजा रथ पर चढ़ पर्यटन के लिए निकल पड़ा।
4. कोसल के राजा मल्लिक भी अपने आलोचकों की खोज में भ्रमण कर रहे थे।

## व्याकरण कृतियाँ

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जनता | 2. | दावा |
| 3. | गलती | 4. | सरहद |
| 5. | तारीफ | 6. | मशवरा |
| 7. | खोज | 8. | इशारा |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रजा | 2. | मुकदमा |
| 3. | दोष | 4. | सीमा |
| 5. | प्रशंसा | 6. | सलाह |
| 7. | तलाश | 8. | संकेत |

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अधर्म | 2. | अन्याय |
| 3. | आलोचना | 4. | प्रशंसक |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | धर्म | 2. | न्याय |
| 3. | प्रशंसा | 4. | आलोचक |

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मुकदमे | 2. | दरवाजे |

उत्तर:

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मुकदमा | 2. | दरवाजा |

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सी | रा | ण | वा | ता | य |

2.

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| क | सा | थी | लो | र |

**उत्तर:** 1. वाराणसी 2. सारथी

**कृ.5. शुद्ध-अशुद्ध शब्द अलग कीजिए:**

वाराणसी, ब्रम्हदत्त,
न्यायालय, प्रसंसा, मूकदमा,दोश,
न्यायपरायणता, भ्रमण, दोष, अवगुण

**उत्तर: शुद्ध शब्द:** वाराणसी, न्यायालय, न्यायपरायणता, भ्रमण, दोष, अवगुण

**अशुद्ध शब्द:** ब्रम्हदत्त, मूकदमा, दोश, प्रसंसा

**कृ.6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. वह अपने मंत्रीयों की सलाह से धर्म और न्याय की साथ प्रजा का पालन करता था।
2. जो मेरे दोशों को बता सका।

**उत्तर:** 1. वह अपने **मंत्रियों** की सलाह से धर्म और न्याय **के** साथ प्रजा का पालन करता था।

2. जो मेरे **दोषों** को बता **सके**।

**कृ.7. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुनः लिखिए:**

1. राजा ने सोचा यह ठीक नहीं मुझे अपने दुर्गुणों का पता लगाना चाहिए।
2. घूमता-घूमता वह जनपद की सीमा पर पहुँच गया पर कहीं ऐसे आदमी का पता न चला जो उसके अवगुणों की ओर संकेत कर सके।

**उत्तर:** 1. राजा ने सोचा-यह ठीक नहीं, मुझे अपने दुर्गुणों का पता लगाना चाहिए।

2. घूमता-घूमता वह जनपद की सीमा पर पहुँच गया, पर कहीं ऐसे आदमी का पता न चला जो उसके अवगुणों की ओर संकेत कर सके।

**कृ.8. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. पालन 2. डर

**उत्तर:** 1. अनु + पालन = अनुपालन

2. नि + डर = निडर

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. सलाह 2. न्यायालय

3. धर्म 4. भ्रमण

**उत्तर:** 1. सलाह + कार = सलाहकार
2. न्यायालय + ईन = न्यायालयीन
3. धर्म + इक = धार्मिक
4. भ्रमण + कारी = भ्रमणकारी

**कृ.10.निम्नलिखित अव्यय शब्दों का वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. साथ
2. मगर
3. अतएव
4. अन्यत्र

**उत्तर:** 1. नरेश अपने भाई के **साथ** पाठशाला जाता है।
2. आनंद बस का इंतजार कर रहा था **मगर** बस नहीं आई।
3. बस की हड़ताल थी **अतएव** मोहन रिक्शे से घर चला गया।
4. सेब काश्मीर के **अन्यत्र** हिमाचल प्रदेश में भी मिलते हैं।

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. वाराणसी में ब्रह्मदत्त नामक राजा रहता था।
2. न्यायालयों में ताले लग गए।

**उत्तर:** 1. वाराणसी, ब्रह्मदत्त, राजा
2. न्यायालयों, ताले

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. राजा ने सोचा मुझे दुर्गुणों का पता लगाना चाहिए।
2. उन्हें भी अभी तक कोई सच्चा आलोचक नहीं मिला था।

**उत्तर:** 1. दुर्गुणों 2. सच्चा

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. ऐसा मनुष्य कौन है जो मेरे दोषों को बता सके।
2. पहले वह अपने महल में गया।

**उत्तर:** 1. कौन, जो, मेरे 2. वह, अपने

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:**

1. फिर राजा ने नगर में पता लगाया।
2. राजा पर्यटन के लिए निकला।

**उत्तर:** 1. पता लगाया 2. निकला (निकलना)

**कृ.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. राजा अपनी प्रजा का पालन करता था।
2. मुझे अपने दुर्गुणों का पता है।
3. राजा ने आस-पास के गाँवों में आलोचक की तलाश की।
4. राजा कल जनपद की सीमा पर पहुँच जाएँगे।

**उत्तर:** 1. अपूर्ण भूतकाल

2. सामान्य वर्तमानकाल
3. सामान्य भूतकाल
4. सामान्य भविष्यकाल

**कृ.16. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. पर्यटन 2. अवगुण
3. न्यायपरायणता

**उत्तर:** 1. आज **पर्यटन** एक लोकप्रिय उद्योग बन गया है।

2. हमें अपने **अवगुणों** को मिटा देना चाहिए।
3. राजा भोज अपनी **न्यायपरायणता** के लिए प्रसिद्ध थे।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**कृ.1. राजा ने अपने अवगुणों को पता करने के लिए कौन-सा उपाय किया?**

**उत्तर:** वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त बड़े ही धर्मपरायण और न्यायप्रिय थे। वे जनता के प्रिय थे। राजा ब्रह्मदत्त जानना चाहते थे कि उनके अंदर कौन-कौन से दुर्गुण हैं। उन्हें लगा कि महल के लोगों से उन्हें अपने दुर्गुणों के बारे में पता चलेगा, किंतु वहाँ उन्होंने अपनी प्रशंसा ही सुनी। महल के बाहर, नगर में, नगर के बाहर, आस-पास के गाँवों में उन्हें उनके अवगुण बताने वाला ऐसा कोई व्यक्ति नहीं मिला। उसके पश्चात राजा ब्रह्मदत्त ने सोचा कि उन्हें अपने राज्य से कहीं दूर जाना चाहिए। अत: उन्होंने इस निश्चय के बाद अपना राज-काज मंत्रियों को सौंपा, भेष बदला और रथ से भ्रमण करने चल पड़े।

इस प्रकार राजा ने अपने अवगुणों को पता लगाने के लिए भ्रमण का उपाय किया।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**कृ.1. हमें अपने दुर्गुणों को दूर करना चाहिए।**

**उत्तर:** मेरे मतानुसार हर व्यक्ति में कोई-न-कोई दुर्गुण होता है। जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए हमें अपने दुर्गुणों को पहचान कर उन्हें दूर करना अत्यंत आवश्यक है। असत्य बोलना, आलस करना, अनुशासन का पालन न करना, परिश्रम न करना, सुबह जल्दी न उठना – जैसे दुर्गुण छात्रों में पाए जाते हैं। इन्हीं दुर्गुणों के कारण छात्रों को परीक्षा में अच्छे अंक नहीं मिल पाते हैं, दूसरी ओर शिक्षक एवं माता-पिता की डाँट भी पड़ती है। अत: हमें संयम से काम लेते हुए धीरे-धीरे अपने दुर्गुणों पर विजय पाना चाहिए। हमें आलस नहीं करना चाहिए। समय पर पढ़ाई करनी चाहिए। दुर्गुणों को दूर कर हम अपने उद्देश्य में सफल हो सकते हैं।

## परिच्छेद 2

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 28 पर दी गई पंक्तियाँ (16 से 33 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[इधर से वाराणसी......................**

**.............................. को मार्ग दिया।]**

आकलन कृतियाँ

कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:

(1) — तंग रास्ते पर दोनों ओर से आ रहे थे — (2)

उत्तर: 1. वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त।


2. कोसल के राजा मल्लिक।

कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:





उत्तर: 1. उम्र 2. राज्यविस्तार
3. सेना 4. धन
5. यश 6. जाति
7. गोत्र 8. कुल

कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. कठोर के साथ कठोर
2. कोमल के साथ कोमल
3. भले को भलाई से
4. बुरे को बुराई से

कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:




उत्तर: 1. क्रोध को क्षमा से 2. बुरे को भलाई से
3. कंजूस को दान से 4. असत्य को सत्य से

**कृ.5. इन सभी प्रश्नों के उत्तर एक ही है, खोजो तो जानें:**

1. दोनों राजा इसमें सवार थे
2. दोनों राजाओं का यह एक साथ नहीं निकल सकता था।
3. राजा ब्रह्मदत्त ने सोचा कि कौन अपने इसको पीछे हटाएगा।
4. दोनों सारथी एक-दूसरे को इसे लौटाने के लिए कह रहे थे।

उत्तर: रथ

**कृ.6. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. वाराणसी के राजा ________ थे।

(मल्लिक, सोमदत्त, ब्रह्मदत्त)

2. कोसल के राजा ________ थे।

(मल्लिक, सोमदत्त, ब्रह्मदत्त)

3. राजा मल्लिक कठोर के साथ ________ बर्ताव करता है।

(कोमल, कठोर, नरम)

4. राजा ब्रह्मदत्त कंजूस को ________ से जीतता है।

(दान, भलाई, सत्य)

**उत्तर:** 1. ब्रह्मदत्त 2. मल्लिक

3. कठोर 4. दान

**कृ.7. संगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. मल्लिक राजा के सारथी ने ललकारकर / चिल्लाकर कहा।
2. ब्रह्मदत्त के सारथी ने उपेक्षा / गर्जना के साथ उत्तर दिया।
3. जो स्वभाव / शील में बड़ा हो उसका रथ पहले जाए।
4. राजा ब्रह्मदत्त के सारथी ने राजा के गुणों / अवगुणों की प्रशंसा की ।

**उत्तर:** 1. ललकारकर 2. गर्जना

3. शील 4. गुणों

**कृ.8. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. दोनों राजा उम्र में समान थे। ☐
2. राजा मल्लिक कठोर के साथ कोमल बर्ताव करते थे। ☐
3. राजा ब्रह्मदत्त असत्य को सत्य से जीतता था। ☐
4. राजा ब्रह्मदत्त ने राजा मल्लिक को मार्ग दिया। ☐

**उत्तर:** 1. सत्य 2. असत्य
3. सत्य 4. असत्य

**कृ.9. उचित जोड़ियाँ मिलाइए:**

| | अ | | ब |
|---|---|---|---|
| 1. | कठोर के साथ | अ. | सत्य |
| 2. | कोमल के साथ | ब. | कोमल |
| 3. | कंजूस को | क. | दान |
| 4. | असत्य को | ड. | कठोर |

**उत्तर:** (1 - ड), (2 - ब), (3 - क) , (4 - अ)।

**कृ.10. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "सारथी ! अपना रथ लौटाओ, मेरे रथ में कोसल के राजा मल्लिक सवार हैं।"
2. "राजा ब्रह्मदत्त क्रोध को क्षमा से जीतता है। "

**उत्तर:** 1. यह वाक्य राजा मल्लिक के सारथी ने राजा ब्रह्मदत्त के सारथी से कहा।
2. यह वाक्य राजा ब्रह्मदत्त के सारथी ने राजा मल्लिक के सारथी से कहा।

**कृ.11. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1\.

| | |
|---|---|
| दोनों एक साथ आए, | |
| हम लोग दोनों राजा हैं, | **अतएव रथ कौन पीछे हटाए?** |
| दोनों समान हैं, | |

2\.

| | |
|---|---|
| अपने राजा के | |
| अपनी प्रजा के | **शील का वर्णन करने को कहा।** |
| अपने सारथी के | |

**उत्तर:** 1. **हम लोग दोनों राजा हैं,** अतएव रथ कौन पीछे हटाए?

2\. **अपने राजा के** शील का वर्णन करने को कहा।

**कृ.12.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. राजा ब्रह्मदत्त क्रोध को क्षमा से जीतता है।
2. लेकिन मालूम हुआ कि उम्र में दोनों समान हैं।
3. राजा मल्लिक और उसका सारथी रथ से उतर पड़े।
4. दोनों रथ एक साथ नहीं निकल सकते थे।

**उत्तर:** 1. दोनों रथ एक साथ नहीं निकल सकते थे।


2\. लेकिन मालूम हुआ कि उम्र में दोनों समान हैं।

3\. राजा ब्रह्मदत्त क्रोध को क्षमा से जीतता है।

4\. राजा मल्लिक और उसका सारथी रथ से उतर पड़े।

## व्याकरण कृतियाँ


**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**




**उत्तर:** 1. तंग 2. तत्क्षण

3. समान 4. प्रशंसा

**कृ.2. परिच्छेद में आए विरुद्धार्थी शब्दों की जोड़ियाँ बनाइए:**




**उत्तर:** 1. कठोर × कोमल 2. भलाई × बुराई

3. कंजूस × दानी 4. असत्य × सत्य

**क्र.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए:**

सेना — 1     जाति — 2

बुराई — 3     घोड़े — 4

**उत्तर:** 1. सेनाएँ     2. जातियाँ

3. बुराइयाँ     4. घोड़ा

**क्र.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

**राजा** — 1     **घोड़ा** — 2

**उत्तर:** 1. रानी     2. घोड़ी

**क्र.5: सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | अ | ल | र | का | ला | र | क | ल |
| 2. | ता | र | ज्य | वि | रा | स्ता | | |

**उत्तर:** 1. ललकारकर     2. राज्यविस्तार

**क्र.6: शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

कोशल, मल्लिक, एतअव,
कोसल, राज्यविस्तार, जाती,
सारथी, मालुम, सारधि

**उत्तर:** मल्लिक, कोसल, राज्यविस्तार, सारथी

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. इधर से वाराणसी का राजा बम्हदत्त का रथ जा रहा था।
2. राजा मलिक के सारथी ने अपने राजा के शिल का वर्णन किया।

**उत्तर:** 1. इधर से वाराणसी **के** राजा **ब्रह्मदत्त** का रथ जा रहा था।

2. राजा **मल्लिक** के सारथी ने अपने राजा के **शील** का वर्णन किया।


**कृ.8. उचित विरामचिह्नों का प्रयोग करके निम्नलिखित वाक्य पुन: लिखिए:**

1. सारथी मेरे रथ में वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त सवार हैं अतएव मैं रथ पीछे नहीं हटा सकता रथ तुम्हें पीछे हटाना पड़ेगा
2. राजा ब्रह्मदत्त ने सोचा हम लोग दोनों राजा हैं अतएव रथ कौन पीछे हटाए

**उत्तर:** 1. "सारथी! मेरे रथ में वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त सवार हैं, अतएव मैं रथ पीछे नहीं हटा सकता, रथ तुम्हें पीछे हटाना पड़ेगा।"


2. राजा ब्रह्मदत्त ने सोचा-हम लोग दोनों राजा हैं, अतएव रथ कौन पीछे हटाए?

**क्र.9. निम्नलिखित शब्दों में 'सु' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**




**उत्तर:** सुयश, सुविचार, सुशील, सुकोमल

**क्र.10.निम्नलिखित शब्दों में 'ई' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**




**उत्तर:** 1. धनी 2. बुरी

3. दानी 4. रथी

**क्र.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. दोनों रथ एक साथ नहीं निकल सकते थे।
2. हम लोग दोनों राजा है, अतएव रथ कौन पीछे हटाए?

**उत्तर:** 1. एक साथ (संबंधसूचक अव्यव)

2. अतएव (समुच्चयबोधक अव्यव)

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञाएँ खोजकर लिखिए:**

1. इधर से वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त का रथ जा रहा था।
2. मल्लिक राजा के सारथी ने ब्रह्मदत्त के सारथी को ललकारा।

**उत्तर:** 1. वाराणसी, राजा, ब्रह्मदत्त, रथ

2. मल्लिक, राजा, सारथी, ब्रह्मदत्त

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त विशेषण खोजकर लिखिए:**

1. रास्ता इतना तंग था।
2. राजा ब्रह्मदत्त का रथ तेज था।

**उत्तर:** 1. इतना, तंग 2. तेज

**कृ.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम खोजकर लिखिए:**

1. "अपना रथ लौटाओ, मेरे रथ में राजा मल्लिक सवार हैं।"
2. "मैं रथ पीछे नहीं हटा सकता, रथ तुम्हें पीछे हटाना पड़ेगा।"

**उत्तर:** 1. अपना, मेरे 2. मैं, तुम्हें

**क्र.15.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाएँ खोजकर लिखिए:**

1. उसने अपना रथ वापस लौटाया।
2. उसका रथ पहले गया।

**उत्तर:** 1. लौटाया (लौटाना) 2. गया (जाना)

**क्र.16.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुन: लिखिए:**

1. राजा मल्लिक का रथ आ रहा था। (अपूर्ण वर्तमानकाल)
2. रथ पीछे कौन हटाए? (सामान्य भविष्यकाल)
3. मेरे रथ में वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त सवार हैं। (पूर्ण भूतकाल)

**उत्तर:** 1. राजा मल्लिक का रथ आ रहा है।

2. रथ पीछे कौन हटाएगा?
3. मेरे रथ में वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त सवार थे।

**क्र.17. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. वाराणसी 2. असत्य

**उत्तर:** 1. **वाराणसी** में काशी विश्वनाथ का मंदिर है।

2. हमें **असत्य** नहीं बोलना चाहिए।

पाठ पर आधारित

**कृ.1. दोनों राजाओं के सारथियों ने एक-दूसरे को चुनौती देते हुए क्या कहा?**

**उत्तर:** राजा ब्रह्मदत्त और राजा मल्लिक के रथ एक मार्ग पर, एक-दूसरे के सामने अड़ गए। दोनों राजाओं के सारथी अपना रथ पीछे हटाने के लिए तैयार नहीं थे। दोनों अपने-अपने राजा को बड़ा मानते थे। मल्लिक राजा के सारथी ने राजा ब्रह्मदत्त के सारथी को ललकारते हुए अपना रथ पीछे लौटाने के लिए कहा। उसकी इस बात का उत्तर राजा ब्रह्मदत्त के सारथी ने गरजते हुए दिया। उसने कहा, "तुम्हें अपना रथ पीछे हटाना होगा, क्योंकि मेरे रथ पर वाराणसी के राजा ब्रह्मदत्त बैठे हैं। मैं पीछे नहीं हट सकता।"

इस प्रकार दानों राजाओं के सारथियों ने अपने-अपने राजाओं का गुणगान कर चुनौती देते हुए एक-दूसरे को रथ पीछे हटाने के लिए कहा।

**कृ.2. राजा ब्रह्मदत्त के सारथी ने राजा की प्रशंसा करते हुए क्या कहा? उसका क्या परिणाम हुआ?**

**उत्तर:** राजा ब्रह्मदत्त और राजा मल्लिक के सारथी अपना-अपना रथ पीछे हटाने के लिए तैयार नहीं थे। आयु, राज्यविस्तार, सेना, धन, यश, जाति, गोत्र, कुल के आधार पर दोनों राजा समान निकले। यह तय हुआ कि शील के आधार पर जो राजा बड़ा होगा उसका रथ पहले जाएगा। इस पर राजा मल्लिक के सारथी ने कहा, "मेरे राजा कठोर के साथ कठोर और कोमल के साथ कोमल व्यवहार करते हैं। वे भले को भलाई से और बुरे को बुराई से जीतते हैं।" सारथी का यह उत्तर सुनकर राजा ब्रह्मदत्त के सारथी ने कहा, "मेरे राजा क्रोध को क्षमा से और बुरे को भलाई से जीतते हैं। वे कंजूस को दान से और असत्य को सत्य से जीतते हैं।" राजा ब्रह्मदत्त के सारथी की यह बात सुनकर राजा मल्लिक ने अपनी पराजय मान ली और रथ से उतरकर राजा ब्रह्मदत्त को मार्ग दे दिया।

## स्वमत अभिव्यक्ति

स्वमत अभिव्यक्ति

**कृ.1. विद्यार्थी जीवन में आवश्यक गुणों पर प्रकाश डालिए।**

**उत्तर:** विद्यार्थी जीवन विद्याध्ययन का काल होता है। अत: इस समय पूरा ध्यान पढ़ाई पर लगाना चाहिए। विद्यार्थी को परिश्रमी, ईमानदार, आज्ञाकारी और सत्य बोलने वाला होना चाहिए। विद्यार्थी को रोज विद्यालय में पढ़ाए गए पाठ का घर आकर भी अध्ययन करना चाहिए। जब तक दिया गया गृहकार्य पूरा न हो जाए, तब तक टीवी

देखने, खेलने आदि नहीं जाना चाहिए। विद्यार्थी को पूरी ईमानदारी से अभ्यास करना चाहिए। विद्यार्थी को अपने माता-पिता और गुरुजनों की आज्ञा का पालन करना चाहिए। विद्यार्थी को हमेशा सत्य बोलना चाहिए। इन गुणों को अपनाकर विद्यार्थी सफल और चरित्रवान व्यक्ति बन सकता है।

## परिच्छेद 3


**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 28, 29 पर दी गई पंक्तियाँ (34 से 52 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[वाराणसी में ......................**

**............................... दोस्ती कर ली।।**

आकलन कृतियाँ

**कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:**





**उत्तर:** 1. चुल्लसेट्टि एक सेठ था।

2. वह वाराणसी में रहता था।


3. वह निमित्तशास्त्र का बड़ा पंडित था।

**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** जो दूरदर्शी कुलपुत्र इस चूहे को उठाकर ले जाएगा, उसे धन-संपत्ति की कमी न रहेगी।


**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कुलपुत्र ने चूहे को उठा लिया।


2. उसने एक दूकानदार की बिल्ली को चूहा दे दिया।

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**





**उत्तर:** एक काकणी।

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**





**उत्तर:** 1. मालियों 2. मुट्ठी-मुट्ठी फूल

**कृ.6. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** पाँच सौ घसियारों

**कृ.7. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. स्थलकर्मचारी

2. जलमार्ग के कर्मचारी

**कृ.8. आकृति पूर्ण कीजिए:**

| 1 | — **परिच्छेद में आई मुद्राओं के नाम** — | 2 |
|---|---|---|

**उत्तर:** 1. काकणी 2. कार्षापण

**कृ.9. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. एक दिन चुल्लसेट्टि इनके दर्शन के लिए जा रहा था ☐
2. रास्ते में चुल्लसेट्टि ने मरा हुआ यह देखा ☐
3. यह निर्धन था ☐
4. एक दिन बहुत जोर की यह आई ☐

**उत्तर:** 1. राजा 2. चूहा
3. कुलपुत्र 4. आँधी

**कृ.10.सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. बगीचे से कुछ _______ लौट रहे थे।
(बच्चे, माली, घसियारे)
2. फूलों को बेचकर _______ ने फिर गुड़ खरीदा।
(माली, घसियारे, कुलपुत्र)
3. कुलपुत्र ने _______ कार्षापण जोड़ लिए।
(आठ, एक, चौबीस)
4. कुलपुत्र ने स्थल और जलमार्ग के _______ से दोस्ती कर ली।
(कुम्हार, सेठ, कर्मचारियों)

**उत्तर:** 1. माली 2. कुलपुत्र
3. आठ 4. कर्मचारियों

**कृ.11.परिच्छेद के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

1. दूकान में वस्तुएँ बेचनेवाला — 1

2. फूल व फूलों का हार बेचनेवाला — 2

3. मिट्टी के बर्तन-खिलौने बनानेवाला — 3

4. घास काटनेवाला — 4

5. योग विचारने वाला — 5

**उत्तर:** 1. दूकानदार  2. माली

3. कुम्हार  4. घसियारा

5. पंडित

**कृ.12. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. कुलपुत्र ने मटके में गुड़ / पानी भरा।
2. कुलपुत्र फूलों के बगीचे / मेले में बैठ गया।
3. मालियों ने कुलपुत्र को फलों / फूलों के गुच्छे दिए।
4. कुलपुत्र ने लकड़ियाँ राजा के कुम्हार को सोलह काकणी / कार्षापण में बेच दीं।

**उत्तर:** 1. गुड़ 2. मेले
3. फलों 4. काकणी

**कृ.13. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. कुलपुत्र एक उजाड़ बगीचे में से बहुत-से टूटे हुए फल इकट्ठा कर लाया। ☐
2. कुलपुत्र ने नगर के द्वार पर पानी की एक प्याऊ लगा दी। ☐

3. कुलपुत्र पाँच सौ घसियारों को रोज पानी पिलाने लगा। ☐

4. कुलपुत्र ने राजा से दोस्ती कर ली। ☐

**उत्तर:** 1. असत्य 2. सत्य
3. सत्य 4. असत्य

## कृ.14. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:

1. "जो दूरदर्शी कुलपुत्र इस चूहे को उठाकर ले जाएगा, उसे धन-संपत्ति की कमी न रहेगी।"
2. "यह आदमी बिना समझे-बूझे नहीं बोल रहा है।"
3. "हमें तुम रोज पानी पिलाते हो, हम तुम्हारे लिए क्या करें?"
4. "कभी कहूँगा।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य चुल्लसेट्‌टि ने अपने आप से कहा।
2. यह वाक्य कुलपुत्र ने अपने आप से कहा।
3. यह वाक्य घसियारों ने कुलपुत्र से कहा।
4. यह वाक्य कुलपुत्र ने घसियारों से कहा।

**क्.15.सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1.

**एक दिन बहुत जोर की आँधी आई**

- और घर गिर गए।
- और सब तहस-नहस हो गया।
- और पानी बरसने लगा।

2.

**कुलपुत्र के पास अब**

- बहुत से फूल हो गए।
- चौबीस कार्षापण हो गए।
- बहुत-सी लकड़ियाँ हो गईं।

**उत्तर:** 1. एक दिन बहुत जोर की आँधी आई **और पानी बरसने लगा**।

2. कुलपुत्र के पास अब **चौबीस कार्षापण हो गए**।

**क्.16.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. कुलपुत्र पाँच सौ घसियारों को रोज पानी पिलाने लगा।
2. चुल्लसेट्‌टि निमित्तशास्त्र का बड़ा पंडित था।
3. कुलपुत्र ने चूहा किसी दूकानदार की बिल्ली को दे दिया।
4. कुलपुत्र ने स्थल और जलमार्ग के कर्मचारियों से दोस्ती कर ली।

**उत्तर:** 1. चुल्लसेट्‌टि निमित्तशास्त्र का बड़ा पंडित था।

2. कुलपुत्र ने चूहा किसी दूकानदार की बिल्ली को दे दिया।

3. कुलपुत्र पाँच सौ घसियारों को रोज पानी पिलाने लगा।

4. कुलपुत्र ने स्थल और जलमार्ग के कर्मचारियों से दोस्ती कर ली।

## व्याकरण कृतियाँ

**कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. मूषक — ( )
2. गरीब — ( )
3. जल — ( )
4. पुष्प — ( )

उत्तर: 1. चूहा 2. निर्धन
3. पानी 4. फूल

**कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:**

1. भिखारी — ( )
2. मूर्ख — ( )
3. प्रजा — ( )
4. अधिकता — ( )

उत्तर: 1. सेठ 2. पंडित
3. राजा 4. कमी

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर वाक्य बनाइए:**

1. बिल्ली
2. बगीचा
3. लकड़ी
4. घसियारे

**उत्तर:** 1. बिल्ली – बिल्लियाँ

**वाक्य:** अनीषा की **बिल्लियाँ** बहुत मोटी है।

2. बगीचा – बगीचे

**वाक्य:** इस शहर में बहुत से **बगीचे** हैं।

3. लकड़ी – लकड़ियाँ

**वाक्य:** सूखी **लकड़ियाँ** जलाने के काम आती हैं।

4. घसियारे – घसियारा

**वाक्य:** आज **घसियारा** घास काटने नहीं गया।

**कृ.4. निम्नलिखित शब्दों के लिंग पहचानकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| माली | चूहा | बिल्ली | घसियारा |

**उत्तर:** 1. माली – पुल्लिंग
2. चूहा – पुल्लिंग
3. बिल्ली – स्त्रीलिंग
4. घसियारा – पुल्लिंग

**कृ.5. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

1.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| घ | र्ष | का | ण | र्षा | प |

2.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दू | रि | र | चा | द | प | र्शी |

**उत्तर:** 1. कार्षापण
2. दूरदर्शी

## क्र.6. शुद्ध-अशुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:

चुल्लूसेट्टि, पंडीत, निमित्तशास्त्र
दुकानदार, कंकणी, कुलपुत्र,
दूकानदार, इकट्ठा

**उत्तर: शुद्ध शब्द**: निमित्तशास्त्र, कुलपुत्र, दूकानदार, इकट्ठा

**अशुद्ध शब्द**: चुल्लूसेट्टि, पंडीत, दुकानदार, कंकणी

## क्र.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:

1. पहले की तरह मटके में पानी भरा और फुलों के बगिचे में बैठ गया।
2. नगर के द्वार पर पानी का उसने एक प्याउ लगा दी।

**उत्तर:** 1. पहले की तरह मटके में पानी भरा और **फूलों** के **बगीचे** में बैठ गया।

2. नगर के द्वार पर पानी **की** उसने एक **प्याऊ** लगा दी।

**कृ.8. निम्नलिखित वाक्य में आए विरामचिह्नों के नाम लिखिए:**


1. एक दिन घसियारों ने कहा, "हमें तुम रोज पानी पिलाते हो, हम तुम्हारे लिए क्या करें?"

**उत्तर:** , – अल्पविराम

" " – युगल अवतरण चिह्न

? – प्रश्नवाचक चिह्न

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में 'सु' उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**




**उत्तर:** सुदर्शन, सुयोग, सुपुत्र, सुवचन

**कृ.10. निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. दूरदर्शी
2. संपत्ति
3. समझ
4. खरीद

**उत्तर:** 1. दूरदर्शिता
2. संपत्तिवान
3. समझदार
4. खरीदार

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. फूलों को बेचा और उसने गुड़ खरीदा।
2. कुलपुत्र के पास अब चौबीस कार्षापण हो गए।

**उत्तर:** 1. और (समुच्चयबोधक अव्यय)

2. के पास (संबंधसूचक अव्यय)

अब (क्रियाविशेषण अव्यय)

**कृ.12.रेखांकित वाक्यों में से संज्ञाएँ और विशेषण छाँटकर लिखिए:**

1. वाराणसी में चुल्लसेट्टि नाम का एक बड़ा सेठ रहता था।
2. दुकानदार ने निर्धन कुलपुत्र को सड़े चूहे के बदले एक काकणी दिया।

**उत्तर:**

| | **संज्ञा** | **विशेषण** |
|---|---|---|
| 1. | वाराणसी, चुल्लसेट्टि, सेठ | एक, बड़ा |
| 2. | दुकानदार, कुलपुत्र, चूहे, काकणी | निर्धन, सड़ा, एक |

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्यों में से सर्वनाम और क्रियाएँ छाँटकर लिखिए:**

1. फूलों को बेचकर उसने फिर गुड़ खरीदा।

2. "हमें तुम रोज पानी पिलाते हो, हम तुम्हारे लिए क्या करें?"

**उत्तर:**

| | सर्वनाम | क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | उसने | बेचकर (बेचना), खरीदा (खरीदना) |
| 2. | हमें, तुम, हम, तुम्हारे | पिलाते (पिलाना) |

**क्र.14.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त काल के उपभेद पहचानकर लिखिए:**

1. वह इस चूहे को उठाकर ले जाएगा।
2. उसी समय निर्धन कुलपुत्र उधर से जा रहा था।
3. वह घड़े में पानी भर कर बैठा है।
4. कुलपुत्र उन्हें पानी पिला रहा है।

**उत्तर:** 1. सामान्य भविष्यकाल
2. अपूर्ण भूतकाल
3. सामान्य वर्तमानकाल
4. अपूर्ण वर्तमानकाल

**क्र.15.निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. दूरदर्शी 2. निर्धन

**उत्तर:** 1. गाँधी जी बड़े **दूरदर्शी** थे।
2. देश में **निर्धनों** की संख्या बढ़ रही है।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. सड़े हुए चूहे को देखकर चुल्लसेट्टि ने क्या कहा? उस पर कुलपुत्र ने क्या किया?**

**उत्तर:** सेठ चुल्लसेट्टि निमित्तशास्त्र के प्रख्यात ज्ञाता थे। राजा से मिलने के लिए जाते समय मार्ग में उन्होंने एक सड़ा हुआ चूहा देखा। उसे देखकर उन्होंने भविष्यवाणी करते हुए कहा कि जो दूरदर्शी कुलपुत्र इस चूहे को ले जाएगा उसे धन-संपत्ति की कमी न रहेगी। उनकी यह भविष्यवाणी वहाँ से गुजरनेवाले एक निर्धन कुलपुत्र ने सुनी। उसने सोचा अवश्य ही सेठ की बातों में तथ्य है। उसने चूहे को वहाँ सें उठा लिया और एक दूकानदार की बिल्ली को दे दिया।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

कृ.1. **कोई भी काम छोटा नहीं होता है।**

**उत्तर**: हर बड़ा पेड़ पहले बीज होता है। वह फूलता-फलता है तभी पेड़ बनता है। इसी तरह कोई भी काम छोटा नहीं होता। सच्ची लगन, मेहनत और ईमानदारी से काम करनेवाला अवश्य ही सफल होता है। हमारे सामने कई ऐसे उदाहरण है, जिन्होंने एक छोटी-सी शुरुआत से बड़ी सफलता पाई। किसी भी कार्य को पूरा करने के लिए धैर्य और समय की आवश्यकता होती है। कई उद्योगपति, व्यापारी, खिलाड़ी, अभिनेता, समाजसेवी मिल जाएँगे, जिन्होंने छोटे-छोटे प्रयासों से अपने जीवन में बड़ी सफलताएँ पाई, इसलिए कोई भी काम शुरू करके धैर्य के साथ उसे पूरा करें तो हमें सफलता अवश्य मिलती है।

## परिच्छेद 4

**अपनी पाठ्यपुस्तक के पृष्ठ क्रमांक 29 पर दी गई पंक्तियाँ (53 से 72 तक) पढ़कर निम्नलिखित कृतियाँ कीजिए:**

**[एक दिन ......................**

**.............................. अलंकृत किया गया।]**


आकलन कृतियाँ

**कृ.1. आकृति पूर्ण कीजिए:**

**स्थलकर्मचारियों ने कुलपुत्र को यह सूचना दी**

**उत्तर:** कल नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आने वाले हैं।


**कृ.2. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कुलपुत्र ने घसियारों से एक की जगह घास के दो-दो गट्ठर मँगवाए।


2. नगर के दरवाजे पर उन गट्ठरों का ढेर लगाकर बैठ गया।

**कृ.3. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** एक सहस्र

**कृ.4. आकृति पूर्ण कीजिए:**





**उत्तर:** कुलपुत्र को एक सहस्र मुद्राएँ मिलीं।

**कृ.5. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** घाट पर एक बड़ी नाव आकर लगी है।

**कृ.6. आकृति पूर्ण कीजिए:**




**उत्तर:** 1. कुलपुत्र ने कार्षापण में एक रथ किराए पर लिया।

2. रथ में सवार हो घाट पर जा पहुँचा।
3. कुलपुत्र ने एक अँगूठी बयाने में दे कनात लगाकर बैठ गया।
4. व्यापारियों के आने पर सूचना देने का निर्देश नौकरों को दिया।

**कृ.7. एक शब्द में उत्तर लिखिए:**

1. घाट पर लगी है एक बड़ी ☐
2. बनारस के व्यापारी खरीदने आए ☐
3. प्रत्येक व्यापारी ने कुलपुत्र को एक सहस्र दीं ☐
4. व्यापारी भी जहाज के माल के बन गए ☐

उत्तर: 1. नाव 2. माल

3. मुद्राएँ 4. हिस्सेदार

**कृ.8. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:**

1. कुलपुत्र ने नौकरों से कहा कि ______ को भेजकर सूचना देना।

(कर्मचारियों, व्यापारियों, पहरेदारों )

2. एक बड़े व्यापारी ने यहाँ आकर ______ दे रखा है।

(बयाना, धरना, कार्षापण)

3. वह व्यापारी ______ लगाए बैठा है।

(कुर्सी, कनात,गद्दा)

4. व्यापारी ______ के पास आए।

(कुलपुत्र, घाट, नौकर)

उत्तर: 1. पहरेदारों 2. बयाना

3. कनात 4. कुलपुत्र

**कृ.9. असंगत शब्द खोजकर लिखिए:**

1. जब नगर / बनारस के व्यापारियों को पता लगा।
2. कुलपुत्र के आदमियों ने उन व्यापारियों / कर्मचारियों को आते देखकर कहा।
3. पहरेदारों ने व्यापारियों के आने की जानकारी / खबर दी।
4. कुलपुत्र ने चुल्लसेट्टि के प्रति अपनी कृतज्ञता / आभार प्रकट की।

उत्तर: 1. नगर 2. कर्मचारियों
3. जानकारी 4. आभार

**कृ.10. निम्नलिखित विधान सत्य हैं या असत्य, लिखिए:**

1. मुद्राएँ देकर सभी व्यापारियों ने जहाज का सारा माल खरीदने का अधिकार प्राप्त कर लिया। ☐
2. कुलपुत्र चुल्लसेट्टि से मिलने नहीं गया। ☐
3. कुलपुत्र की वह एक वर्ष की कमाई थी। ☐
4. चुल्लसेट्टि ने कुलपुत्र से अपनी कन्या का विवाह कर दिया। ☐

उत्तर: 1. सत्य 2. असत्य
3. असत्य 4. सत्य

**कृ.11. निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे:**

1. "देखो, कल नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आने वाले हैं।"

2. "शहर के व्यापारी जब इधर आएँ तो तुम लोग पहरेदारों को भेजकर सूचना देना।"

3. "देखिए, आप लोगों को माल न मिलेगा।"

4. "यह लीजिए सेठ जी! आपकी ही कृपा से मैंने यह कमाया है।"

**उत्तर:** 1. यह वाक्य स्थलकर्मचारियों ने कुलपुत्र से कहा।

2. यह वाक्य कुलपुत्र ने नौकरों से कहा।

3. यह वाक्य कुलपुत्र के आदमियों ने व्यापारियों से कहा।

4. यह वाक्य कुलपुत्र ने चुल्लसेट्टि से कहा।

**कृ.12. सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए:**

1\. **व्यापारी कुलपुत्र के**
- साथ गए।
- पास आए।
- साथ झगड़े।

2\. **मुद्रा लेकर कुलपुत्र**
- वाराणसी लौट आया।
- घाट पर जा पहुँचा।
- व्यापारियों के पास गया।

3\. **उसे समस्त कुटुंब का**
- धन दे दिया।
- व्यापार दे दिया।
- मालिक बना दिया।

4\. **कुलपुत्र को नगर सेठ के**
- पद से अलंकृत किया गया।
- घर में रखा गया।
- व्यापार में साझीदार बना दिया।

उत्तर: 1. व्यापारी कुलपुत्र के पास आए।

2. मुद्रा लेकर कुलपुत्र वाराणसी लौट आया।

3. उसे समस्त कुटुंब का मालिक बना दिया।

4. कुलपुत्र को नगरसेठ के पद से अलंकृत किया गया।

**कृ.13.निम्नलिखित विधानों को परिच्छेद में आए उनके क्रमानुसार लिखिए:**

1. कुलपुत्र ने चुल्लसेट्टि के सामने एक सहस्र मुद्राएँ रख दीं।
2. कुलपुत्र घाट के किनारे कनात लगाकर बैठ गया।
3. चुल्लसेट्टि ने कुलपुत्र से अपनी कन्या का विवाह कर दिया।
4. नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आनेवाले हैं।


उत्तर: 1. नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आनेवाले हैं।

2. कुलपुत्र घाट के किनारे कनात लगाकर बैठ गया।

3. कुलपुत्र ने चुल्लसेट्टि के सामने एक सहस्र मुद्राएँ रख दीं।

4. चुल्लसेट्टि ने कुलपुत्र से अपनी कन्या का विवाह कर दिया।

**कृ.14. आकृति पूर्ण कीजिए:**




उत्तर: 1. एक सहस्र मुद्राएँ।

2. जहाज का सारा माल खरीदने का अधिकार।

कृ.15. आकृति पूर्ण कीजिए:

चुल्लसेट्टि की प्रसन्नता का कारण

उत्तर: कुलपुत्र ने अपनी दूरदर्शिता और बुद्धिमानी से कम समय में सहस्त्रों मुद्राएँ कमाईं।

## व्याकरण कृतियाँ

कृ.1. निम्नलिखित शब्दों के समानार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:

1. खबर
2. ग्रास
3. अश्व
4. नौका

उत्तर: 1. सूचना 2. घास
3. घोड़ा 4. नाव

कृ.2. निम्नलिखित शब्दों के विरुद्धार्थी शब्द परिच्छेद में से खोजकर लिखिए:

1. बेचना
2. गाँव
3. कृतज्ञता
4. गँवाना

उत्तर: 1. खरीदना 2. शहर
3. कृतघ्नता 4. पाना

**कृ.3. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए:**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | घोड़ा | 2. | नौकर |
| 3. | आदमी | 4. | मालिक |

**उत्तर:** 1. घोड़ी 2. नौकरानी

3. औरत 4. मालकिन

**कृ.4. सार्थक शब्द बनाकर लिखिए:**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | क | चा | स्थ | री | ल | य | र्म |
| 2. | त | त | श्चा | त्प | र | स | फ |

**उत्तर:** 1. स्थलकर्मचारी 2. तत्पश्चात

**कृ.5. शुद्ध शब्द छाँटकर लिखिए:**

गट्ट्ठर, कर्मचारी, नाँव,
कनात, नाव, सहस्र
गट्ठर, तत्पश्चात्

**उत्तर:** कर्मचारी, कनात, नाव, गट्ठर, सहस्र

**कृ.6. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए:**

1. ताँता लग जाना 2. अलंकृत करना

**उत्तर:** 1. **ताँता लग जाना** – भीड़ लग जाना।

**वाक्य:**आरंभ के दसवीं कक्षा में प्रथम आने पर उसे बधाई देने वालों का **ताँता लग गया**।

2. **अलंकृत करना** – सजाना।

**वाक्य:**विधि को 'भारत सुंदरी' के पुरस्कार से **अलंकृत किया गया**।

**कृ.7. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए:**

1. इसके बदले में कुलपुत्र की एक सहस्त्र मुद्राएँ मिलीं।
2. पहरेदारों ने व्यापारियों का आने की खबर दि।

**उत्तर:** 1. इसके बदले में कुलपुत्र **को** एक **सहस्र** मुद्राएँ मिलीं।

2. पहरेदारों ने व्यापारियों **के** आने की खबर **दी**।

**कृ.8. कोष्ठक में दिए विरामचिह्नों का उचित प्रयोग करके वाक्य पुन: लिखिए:**

| । | , | ' | ' | ! | - |
|---|---|---|---|---|---|

1. एक दिन स्थलकर्मचारियों ने सूचना दी देखो कल नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आने वाले हैं
2. कुलपुत्र ने कहा यह लीजिए सेठ जी

**उत्तर:** 1. एक दिन स्थलकर्मचारियों ने सूचना दी, "देखो, कल नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आने वाले हैं।"

2. कुलपुत्र ने कहा, "यह लीजिए सेठ जी!"

**कृ.9. निम्नलिखित शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1. कल 2. कन्या

**उत्तर:** 1. वि + कल
विकल

2. सु + कन्या
सुकन्या

**कृ.10.निम्नलिखित शब्दों में 'इक' प्रत्यय लगाकर नए शब्द बनाइए:**

1.

| व्यापारी | नाव | विवाह | मुद्रा |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |

**उत्तर:** 1. व्यापारी + इक = व्यापारिक
2. नाव + इक = नाविक
3. विवाह + इक = वैवाहिक
4. मुद्रा + इक = मौद्रिक

**कृ.11.निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त अव्यय शब्द खोजकर भेद सहित लिखिए:**

1. वह नगर के दरवाजे पर गट्ठरों का ढेर लगाकर बैठ गया।
2. एक बड़े व्यापारी ने यहाँ आकर बयाना दे रखा है।

**उत्तर:** 1. पर (समुच्चयबोधक अव्यय)

2. यहाँ (संबंधसूचक अव्यय)

**कृ.12.निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों में से संज्ञाएँ और विशेषण पहचानकर लिखिए:**

1. कुलपुत्र को जलमार्ग के पुराने कर्मचारियों से पता लगा कि नए घाट पर एक बड़ी नाव आई है।
2. कुलपुत्र ने सुनहरी अँगूठी दी और लाल कनात लगाकर बैठ गया।

**उत्तर:**

| | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| 1. | कुलपुत्र, जलमार्ग, कर्मचारियों, घाट, नाव | पुराने, नए, बड़ी |
| 2. | कुलपुत्र, अंगूठी, कनात | सुनहरी, लाल |

**कृ.13.निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित शब्दों के शब्द भेद पहचानकर लिखिए:**

1. तुम लोग पहरेदारों को मेरे पास भेज देना।
2. कुलपुत्र ने उसके प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की।

**उत्तर:**

| | सर्वनाम | क्रिया |
|---|---|---|
| 1. | तुम, मेरे | भेज देना |
| 2. | उसके, अपनी | प्रकट की |

**कृ.14.कोष्ठक में दी गई सूचना के अनुसार काल-परिवर्तन करके वाक्य पुनः लिखिए।**

1. घोड़ों के व्यापारी आने वाले हैं।

(सामान्य भविष्यकाल)

2. एक की जगह दो-दो गट्ठर मँगवाए।

(पूर्ण भूतकाल)

3. कुलपुत्र व्यापारी के पास गया।

(अपूर्ण वर्तमानकाल)

4. आपकी की कृपा से मैंने कमाया है।

(अपूर्ण भूतकाल)

**उत्तर:** 1. घोड़ों के व्यापारी आएँगे।

2. एक की जगह दो-दो गट्ठर मँगवाए थे।

3. कुलपुत्र व्यापारी के पास जा रहा है।

4. आपकी ही कृपा से मैं कमा रहा था।

**कृ.15.निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए:**

1. अधिकार 2. कुटुंब

**उत्तर:** 1. स्वतंत्रता मेरा जन्मसिद्ध **अधिकार** है।

2. सारा विश्व एक **कुटुंब के** समान है।

**पाठ पर आधारित प्रश्नोत्तरी**

**क्र.1. कुलपुत्र ने घोड़ों के व्यापारियों से पैसे कैसे कमाए?**

**उत्तर:** कुलपुत्र ने पानी पिलाने का कार्य करते हुए स्थल और जलमार्ग के कर्मचारियों से मित्रता कर ली थी। कुछ दिनों बाद उसे कर्मचारियों से जानकारी मिली कि नगर में पाँच सौ घोड़े लेकर घोड़ों के व्यापारी आनेवाले हैं। यह सुनकर कुलपुत्र ने घसियारों से घास के दो-दो गट्ठर मँगवाए और नगर के दरवाजे पर गट्ठरों का ढेर लगाकर बैठ गया। उधर घोड़ों के व्यापारियों ने नगरभर में घास-दाने की तलाश की, परंतु उन्हें कहीं भी कुछ न मिला। अंततः उन्होंने कुलपुत्र से एक सहस्र गट्ठर खरीद लिए। इस लेन-देन में कुलपुत्र को एक सहस्र मुद्राएँ प्राप्त हुईं।

इस प्रकार अपनी सूझबूझ तथा दूरदर्शिता से कुलपुत्र ने घोड़ों के व्यापारियों से पैसे कमाए।

**क्र.2. निर्धन कुलपुत्र धनवान कैसे बन गया?**

**उत्तर:** कुलपुत्र मेहनती व दूरदर्शी था। उसके जलमार्ग के कर्मचारियों से भी अच्छे संबंध थे, जिसके चलते उन्होंने कुलपुत्र को खबर दी कि घाट पर एक बड़ी नाव आकर लगी है। कुलपुत्र ने एक रथ किराए पर ले लिया और उनको एक अँगूठी बयाने में देकर पास में एक कनात लगाकर बैठ गया। जब बनारस के व्यापारी माल

खरीदने आए, तब कुलपुत्र के आदमियों ने उन व्यापारियों को माल देने से इंकार कर दिया और कारण बताया कि उनके आने से पहले बड़े व्यापारी ने बयाना दे दिया है। व्यापारी कुलपुत्र के पास गए और प्रत्येक ने कुलपुत्र को एक सहस्र मुद्राएँ दीं और नाव का माल खरीदने का अधिकार प्राप्त कर लिया।

इस प्रकार निर्धन कुलपुत्र अपनी सूझबूझ एवं संयम से धनवान बन गया।

**स्वमत अभिव्यक्ति**

**क्र.1. आपके विद्यालय में 'फन फेयर' लगा था, उसका अनुभव लिखिए।**

**उत्तर:** हमारे विद्यालय में प्रत्येक वर्ष दिसंबर महीने में 'फन फेयर' का आयोजन किया जाता है। फेयर में इस बार मैंने भी पाँच अन्य छात्रों के साथ भेलपुरी का स्टॉल लगाया था। हम छात्रों ने सारा काम आपस में बाँट लिया था। हमने हरी पत्तियों और घास से अपना स्टॉल सजाया था, जो दिखने में आकर्षक लग रहा था। हमने भेलपुरी का सारा सामान अच्छी तरह से ढँक कर रखा था। हमने पानी भी रखा था, इसलिए हमारे यहाँ भेलपुरी खाने के लिए छात्रों की भीड़ लग गई। तीन घंटे में हमारी सारी भेलपुरी बिक गई। हमें इसमें 200 रुपए का मुनाफा हुआ, जो हमने विद्यालय के पुस्तकालय कोष के लिए सहयोग राशि के रूप में दे दिया। इस तरह हमने व्यवसाय करना सीखा और विद्यालय की सहायता भी की। इससे हमें अपनी जिम्मेदारियाँ पूरी करने का अनुभव मिला।